तापमान
अधिकतम 24.2 डिग्री
न्यूनतम 11.6 डिग्री

हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 21 दिसंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 बाबा गुरु घासीदास के मनखे-मनखे एक समान ...


14 जयंती पर पूर्व मुख्यमंत्री वोरा को कांग्रेसियों ने किया याद


## खबर संक्षेप

### टूरीडीह में बाबा गुरु घासीदास जयंती कल

**झलप।** ग्राम टूरीडीह में सतनाम धर्म के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास की 269वी जयंती 22 दिसंबर सोमवार को बड़े ही धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए ग्राम प्रमुख फगुवा राम चौलिक ने बताया कि बाबा गुरु घासीदास के 7 उपदेश एवं 42 वाणियों को प्रचारित करते हुए अखाड़ा दल भोरिंग एवं पंथी पार्टी बरेकेल कला की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली जाएगी। ग्राम प्रमुख फगुवा राम चौलिक ने उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र वासियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

### शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रही महिला पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** चखना दुकान में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रही एक महिला के खिलाफ सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि पेट्रोल पंप के सामने अपने चखना दुकान में एक महिला आने जाने वाले लोंगों को बिठाकर शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रही है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने चखना दुकान संचालक सेवती बाई सूर्यवंशी पति स्व. किशन लाल सूर्यवंशी वार्ड नं. 20 महासमुंद के धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### इलेक्ट्रिक स्कूटर से शराब परिवहन, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** इलेक्ट्रिक स्कूटर से अंग्रेजी शराब का परिवहन कर रहे दो लोगों को सरायपाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 19 दिसंबर को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एक हल्का नीला रंग के इलेक्ट्रिक स्कूटर में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब परिवहन करते हुए केंद्रीय विद्यालय की ओर से बालसी की ओर जा रहे हैं। इस सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कुछ देर बाद दो व्यक्ति एक बिना नंबर के इलेक्ट्रिक स्कूटर में आए, जिन्हें रोका गया। पूछताछ में स्कूटर चालक ने अपना नाम संतराम साहू पिता पुनीराम साहू (55 वर्ष) एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम पता कन्हैया साहू पिता पुनीराम साहू (46 वर्ष) लोहरीनडीपा होना बताया। तलाशी के दौरान संदेहियों के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक थैले के अंदर 30 नग शोले प्लेन देशी शराब कीमत 2400 रुपए, वहीं एक अन्य एक सफेद रंग के प्लास्टिक थैले के अंदर भरा 30 नग गोवा स्पेशल व्हिस्की शराब कीमत 3600 रुपए कुल कीमत 6000 रुपए के अलावा इलेक्ट्रिक स्कूटर कीमत 52000 रुपए को बरामद किया गया। दोनों आरोपियों पर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# नर्सरी से प्रवेश करने वाले गरीब परिवारों के मासूमों की बढ़ेंगी मुश्किलें

## आरटीई प्रवेश नियमों में बदलाव, कक्षा पहली में ही प्रवेश की अनुमति देने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्कूल शिक्षा विभाग और लोक शिक्षण संचालनालय ने शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूलों में होने वाले आरटीई के तहत प्रवेश को लेकर लिए गए निर्णय के अनुसार अब केवल कक्षा पहली में ही प्रवेश की अनुमति देने का आदेश जारी किया गया है।

राज्य सरकार ने निजी स्कूलों द्वारा आरटीई के नाम पर किए जा रहे कथित फर्जीवाड़े को रोकने के लिए अब केवल कक्षा पहली में ही प्रवेश की अनुमति देने का निर्णय लिया है जिससे सरकारी खजाने को चूना लगाने वाले स्कूलों पर नकेल तो कसेगी। लेकिन, जिले के उन गरीब परिवारों के लिए मुसीबत खड़ी हो गई हैं, जिनके बच्चे नर्सरी, केजी-1 या केजी-2 में प्रवेश लेकर अपनी स्कूली शिक्षा की शुरुआत करना चाहते हैं। जिले में लगभग कुल 227 निजी स्कूल शामिल हैं जिसमें हर साल सैकड़ो गरीब परिवार के बच्चे आरटीई के तहत केजी कक्षाओं में प्रवेश कर पढ़ाई कि शुरुवात करते हैं लेकिन आने वाले शिक्षा सत्र में इन नये गरीब परिवार के बच्चों के लिए केजी कक्षाओं में आरटीई के तहत प्रवेश न होने से मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। पिछले कुछ वर्षों में स्कूल शिक्षा विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि निजी स्कूल आरटीई की धारा 12(1)(ग) का गलत फायदा उठा रहे हैं। भ्रष्टाचार रोकने का यह कदम सही है, लेकिन इसका क्रियान्वयन बच्चों के सीखने के अधिकार की कीमत पर नहीं होना चाहिए। एक स्थानीय निवासी ने बताया है कि प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी से पढ़ाई शुरू होती है। यदि गरीब बच्चा सीधे पहली कक्षा में जाएगा, तो वह उन बच्चों की तुलना में पिछड़ जाएगा जो तीन साल से उसी स्कूल में नर्सरी और केजी पढ़ रहे हैं। सरकार को फर्जीवाड़ा रोकने के लिए डिजिटल ट्रैकिंग बढ़ानी चाहिए, न कि प्रवेश के अवसर कम करने चाहिए।

### गरीब परिवार के अभिभावकों में बढ़ी चिंता

जिले के कई निजी स्कूलों में अब तक नर्सरी और केजी कक्षाओं में भी आरटीई के तहत प्रवेश की प्रक्रिया अपनाते आ रहे हैं। नए आदेश के अनुसार अब प्रवेश सीधे पहली कक्षा में होगा। ऐसे में 3 से 5 साल की उम्र के वे बच्चे, जिन्हें प्राइवेट स्कूलों में फाउंडेशन शिक्षा मिलनी चाहिए, वे अब इस अधिकार से वंचित हो जाएंगे। गरीब माता-पिता जो अपने बच्चों को शुरू से ही निजी स्कूलों के वातावरण में ढालना चाहते रहे है, उन्हें अब नर्सरी की भारी-भरकम फीस खुद भरनी होगी या फिर बच्चे को पहली कक्षा तक का इंतजार कराना होगा।




### सरकारी आदेश के मुख्य बिंदु

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रशासनिक आदेश में नये प्रावधान किए गए हैं। जिसमें निजी विद्यालय अब आरटीई के तहत केवल कक्षा पहली में ही छात्रों को प्रवेश दे सकेंगे। यदि अगली कक्षाओं में किसी छात्र के स्कूल छोड़ने से सीट रिक्त होती है, तो उस पर आरटीई के तहत दोबारा प्रवेश देकर सरकारी प्रतिपूर्ति का दावा नहीं किया जा सकेगा। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान आधार कार्ड और आय प्रमाण पत्र के मिलान को और सख्त किया जाएगा ताकि एक ही बच्चा दो स्कूलों में दर्ज न हो सके।

## मनमानी: दिखावे के लिए खाली कमर्शियल सिलेंडर रखते हैं होटल संचालक

# नगर के 60 से अधिक ठेलों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग, नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शहर के मुख्य मार्ग के किनारे लगने वाले खाने पीने के खोमचों में सुरक्षा नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। नियमों के मुताबिक होटल, ठेलों और गुमटियों में घरेलू गैस सिलेंडर 14.2 किग्रा का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है, लेकिन जिला मुख्यालय के बरोंडा चौक से लेकर रायपुर मार्ग स्थित बस स्टैंड सहित चौपाटियों में व्यावसायिक कार्यों के लिए धड़ल्ले से घरेलू सिलेंडरों का उपयोग हो रहा है।

हैरानी की बात यह है कि अधिकांश ठेला संचालक दिखावे के लिए अपने स्टाल में खाली कमर्शियल सिलेंडर 19 किग्रा रखे हुए हैं, ताकि किसी बाहरी निरीक्षण के दौरान वे बच सकें। लेकिन, चूल्हे के नीचे पाइप लाइन सीधे घरेलू सिलेंडरों से जुड़ी होती है। शहर के चाय ठेलों, एगरोल सेंटर और पावभाजी की दुकानों जैसे 60 से अधिक ठेलों पर अवैध रूप से घरेलू सिलेंडर का इस्तेमाल हो रहा है।

खाद्य विभाग अधिकारी अजय यादव ने बताया है कि घरेलू सिलेंडर का कमर्शियल उपयोग करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी है। पिछले महीनों में 74 से अधिक सिलेंडर जब्त कर जुर्माना कार्रवाई की गई है। मामले जब जब संज्ञान में आते हैं विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जाती है।

### ग्रामीण हितग्राहियों के हक पर कमीशन का डाका

कमर्शियल सिलेंडर की कीमत वर्तमान में लगभग 1797 रुपये है, जबकि घरेलू सिलेंडर 933 रुपये में मिल रहा है। लागत कम करने के चक्कर में व्यापारी ग्रामीण क्षेत्रों के उज्ज्वला योजना या अन्य हितग्राहियों को 100 से 150 रुपये का कमीशन देते हैं और उनके नाम पर जारी सिलेंडर का उपयोग अपने व्यवसाय में कर रहे हैं। ब्लैक मार्केट में यही सिलेंडर 1200 रुपये तक में आसानी से मिल जाता है, जो फिर भी कमर्शियल सिलेंडर की तुलना में सस्ता पड़ता है।

### सुरक्षा का शून्य कवरेज, हादसे पर नहीं मिलेगा बीमा

नियमों के अनुसार, यदि घरेलू सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग के दौरान कोई आगजनी या विस्फोट होता है, तो संचालक को किसी भी प्रकार के बीमा का लाभ नहीं मिलता। गैस कंपनियां केवल उन्हीं दुर्घटनाओं पर क्लेम देती हैं जहां सिलेंडर का उपयोग अधिकृत उद्देश्य घरेलू उपयोग के लिए हो रहा हो। नेशनल हाइवे और भीड़भाड़ वाले बस स्टैंड जैसे इलाकों में इन सिलेंडरों का असुरक्षित उपयोग कभी भी बड़े हादसे को निमंत्रण दे सकता है।

# अवैध कटाई व वन्यप्राणी शिकार के मामलों में पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)




वन परिक्षेत्र पिथौरा अंतर्गत कक्ष क्रमांक 206 सोहागपुर में वृक्षों की अवैध कटाई, वन अधिकार मान्यता अधिनियम अंतर्गत प्राप्त पट्टाशुदा भूमि पर नया अतिक्रमण, जंगल के भीतर डबरी में मछली पकड़ने के लिए जाल डालने तथा विद्युत तार प्रवाहित करने के आरोप में रामाधीन पिता ठेल सिंह (जाति गोड़), ढोमसिंह पिता बलीराम एवं संतोष पिता बलीराम को गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपियों के विरुद्ध वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 51 सहपठित धारा 9 एवं 2(16)(ए)(बी), भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 तथा लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इसी प्रकार सांकरा सर्किल के बड़े टेमरी (कक्ष क्रमांक 258) में सियार का फंदा लगाकर शिकार कर ले जाते हुए फागूलाल पिता बृजलाल (शिकारी) एवं कुमार पिता मंगलू पारधी को पकड़ा गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 51 सहपठित धारा 9 एवं 2(16)(ए)(बी) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है। वन परिक्षेत्र अधिकारी सालिकराम डड़सेना ने बताया कि वनमंडल अधिकारी मयंक पांडेय के निर्देशानुसार वन विभाग द्वारा पूरे वन क्षेत्र में प्रतिदिन प्रातःकाल सघन पैदल गश्त की जा रही है। इसी गश्त के दौरान दोनों प्रकरणों में कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि अवैध कटाई, अतिक्रमण एवं वन्यप्राणी शिकार के विरुद्ध वन विभाग की निगरानी और कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने आगे बताया कि उक्त कार्रवाई डीएफओ मयंक पांडेय के मार्गदर्शन में उप वनमंडलाधिकारी डिंपी बैस, वन परिक्षेत्र अधिकारी सालिकराम डड़सेना, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी छबिलाल साहू एवं राजकुमार साहू, परिसर रक्षी दीपक जेंद्रे तथा सुरक्षा श्रमिकों के सहयोग से की गई। वन विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल विभाग को दें, ताकि वनों एवं वन्यप्राणियों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

# ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट अशांति फैलाने वाले 5 लोग पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा में गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम के दौरान ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट और अशांति फैलाने का प्रयास करने वाले 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मामले को लेकर सिटी कोतवाली में प्रधान आरक्षक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।



घटनाक्रम को लेकर प्रधान आरक्षक भागवत साहू ने बताया कि 19 दिसंबर को वह थाना प्रभारी के आदेश मिलने के बाद आरक्षक थनेश्वर मरकाम, आरक्षक ध्रुर्बो भोई के साथ ग्राम खरोरा में संत गुरू घासीदास बाबा की जयंती कार्यक्रम में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये ड्यूटी कर रहा था। रात करीब 8.50 बजे गांव के कुछ लड़कों के बीच विवाद हो रहा था। जिसे छुडाने व बीच बचाव करने के लिये वे मौके पर पहुंचे। इसी दौरान वहां पर उपस्थित प्रताप यादव, गगन चंद्राकर, युवराज चंद्राकर, खिलेश्वर चंद्राकर एवं नागेश्वर टंडन ने एक राय होकर उनके पदीय कर्तव्य में व्यवधान कर डरा धमका कर तुम पुलिस वाले कौन होते हो बीच बचाव करने वाले कहते हुए गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। इसके बाद प्रार्थी के कालर को पकड़कर धक्का-मुक्की करने लगे और सभी मिलकर हाथ मुक्का एवं लात घूंसे से मारपीट करने लगे। यह देख हमराह स्टाफ आरक्षक थनेश्वर मरकाम, आरक्षक ध्रुर्बो भोई ने बीच-बचाव किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 121(1), 132, 221, 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। वहीं पुलिस तत्काल एक्शन में आते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर हमला करने वाले उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार की रात बाबा गुरु घासीदास की जयंती समारोह के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने कार्यक्रम में घुसकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया। जब ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें समझाने और रोकने की कोशिश की, तब उपद्रवियों ने पुलिस कर्मियों पर ही हमला कर दिया, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। इस घटना की सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने एक्शन लेते हुए सिटी कोतवाली से अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर भेजा। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए रात में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि 3 आरोपी फरार थे। जिन्हें शनिवार की दोपहर तक पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। गांव में फिलहाल पूरी तरह शांति का माहौल है।

## खबर का असर, नगर पालिका ने की मुख्य मार्ग से पोस्टर निकालने की कार्रवाई



**महासमुंद।** शहर की सुंदरता बिगाड़ रहे बैनर पोस्टरों की खबर के प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद पालिका प्रशासन द्वारा रायपुर-बागबाहरा मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइट के खंभों में टांगे गए अवैध पोस्टरों को निकालने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इन पोस्टरों से न केवल शहर की सूरत बिगड़ रही थी, बल्कि, वाहन चालकों का ध्यान भी भटक रहा था।

# क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर, रंग-बिरंगी रोशनी से जगमग गिरजाघर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रभु यीशु मसीह के जन्म उत्सव क्रिसमस को लेकर ईसाई अनुयायियों में जमकर उत्साह नजर आ रहा है। यह ईसाई समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिन है। क्रिसमस की तैयारियाँ जोरों पर है। क्रिसमस पूर्व ईसाई समुदाय द्वारा इन दिनों हर शाम से देर रात तक बच्चे, महिला, युवा और बुजुर्गों की टोली घर-घर जाकर कैरोल सिंगिंग की प्रस्तुति दी जा रही है। बता दें कि हर 25 दिसंबर को ईसाई समुदाय ईसा मसीह (यीशु) का जन्मदिन धूमधाम से मनाता है। इसके लिए घरों में महीने पहले से तैयारी की जाती है। घरों में रंगाई-पुताई के बाद अब उन्हें रंग-बिरंगी झालरों व कागज के पताकाओं से सजाया जा रहा है। घरों के अलावा शहर के गिरिजाघर शाम होते ही रंग-बिरंगी रोशनी से जगमग होने लगे हैं। क्रिसमस डे को लेकर बाजार में दुकानों पर सांता क्लाज की ड्रेस, ट्री व सजावट के सामान की खूब बिक्री हो रही है।

बाजार में सेंटा म्यूजिकल में हिरण पर सवार सेंटा, ट्री, डांसिग सेंटा, ट्री एक फीट से लेकर आठ फीट तक व अन्य मेरी डेकोरेशन, सेंटा दाढ़ी, सेंटा कैप, सेंटा ड्रेस के अलावा मेरी बैनर स्टीकर, रंगी-बिरंगी लड़ियां, सेंटा हेंगिग बाल, सेंटा बेल, सेंटा स्टार की खरीदारी हो रही है। बाजार में दुकानों पर गिफ्ट आइटमों के साथ केक ऑर्डर अभी से बुक होने लगे हैं।

### घर-घर जाकर कैरोल सिंगिंग

प्रभु यीशु मसीह के जन्म उत्सव क्रिसमस को लेकर गिरजाघरों में तैयारी शुरू हो गई है। बड़ा दिन और प्रभु यीशु के आगमन के पहले क्रिश्चन समाज प्रतिदिन शाम से देर रात तक बच्चे, महिला, युवा और बुजुर्गों की टोली घर-घर जाकर कैरोल सिंगिंग की प्रस्तुति दी जा रही है। जिसमें नृत्य और गीतों के माध्यम से प्रभु यीशु मसीह के वचन और प्रेम संदेश दिया जा रहा है। तुमगांव रोड स्थित सेंट पीटर्स चर्च से मिली जानकारी के अनुसार नृत्य, गीतों के माध्यम से प्रभु यीशु मसीह के आगमन की तैयारी के साथ प्रेम संदेश दिया जाता है। 25 दिसंबर को सुबह प्रभु यीशु का जन्म उत्सव मनाया जाएगा। सुबह चर्च में वचन पढ़े जाएंगे और प्रार्थना होगी।

## आज रक्षा करें, कल सुरक्षित रहें जागरुकता अभियान जारी

# पर्यावरण संरक्षण पर जनजागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार आज रक्षा करें, कल सुरक्षित रहें पर्यावरण थीम पर अधारित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर जिले के सभी अधिकार मित्रों द्वारा विशेष जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रबंध कार्यालय के अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव आफरीन बानो के निर्देशानुसार जिला एवं आरक्षी केन्द्रों में पदस्थ सभी अधिकार मित्रों द्वारा स्कूलों एवं ग्रामो अथवा सार्वजनिक स्थानों में जाकर पर्यावरण संरक्षण संबंधी जागरूकता शिविरों का आयोजन कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण करने इत्यादि कार्यो की उपलब्धियों के बारे में बताया जा रहा है।

नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आउटरीच गतिविधियों के अंतर्गत यह ''आज रक्षा करे, कल सुरक्षित रहे'' पर्यावरण थीम पर अधारित विशेष कार्यक्रम के रूप में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने के उद्देश्य से यह शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सर्दियों के महीनों में बढ़ते पर्यावरणीय प्रदूषण के स्तर, विशेष रूप से देश के कई हिस्सों में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने अखिल भारतीय पर्यावरण कानूनी साक्षरता और सामुदायिक संरक्षण पहल की शुरुआत को मंजूरी दी है, जिसका शीर्षक है "आज की रक्षा करें, कल को सुरक्षित करें। " इस पहल का उद्देश्य पर्यावरणीय कानूनी जागरूकता बढ़ाना, सरल और किफायती निवारक उपायों को बढ़ावा देना और समुदायों, विशेष रूप से कमजोर समूहों को उनके अधिकारों और उपलब्ध शिकायत निवारण तंत्रों के बारे में जानकारी देकर सशक्त बनाना है।

## खबर संक्षेप



### बाबा गुरु घासीदास जयंती पर निकाली शोभायात्रा का किया गया स्वागत

**सरायपाली।** गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर सतनामी समाज द्वारा भव्य एवं अनुशासित शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, मातृशक्ति, युवा एवं बुजुर्गों ने सहभागिता कर गुरु बाबा के मनखे-मनखे एक समान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। गुरु घासीदास बाबा ने सामाजिक समानता, सत्य, अहिंसा, सदाचार और मानव धर्म का जो मार्ग दिखाया। वहीं आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहा है। उनकी जयंती पर निकली यह शोभायात्रा न केवल आस्था का प्रतीक थी, बल्कि सामाजिक एकता, समरसता और भाईचारे का जीवंत उदाहरण भी बनी। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा सेवा भाव के साथ शोभायात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं एवं आमजन के लिए बिस्किट, कोल्ड ड्रिंक एवं शुद्ध पेयजल की निःशुल्क व्यवस्था की गईं। जिसमें मुख्य रूप से बजरंगदल जिला गौ रक्षा प्रमुख मयंक पाणीग्राही, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका डॉ अनिता चौधरी, प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू जायसवाल, प्रखंड मंत्री विकाश महापात्र, प्रखंड संयोजिका नमिता साहू, समाज सेवी नरेंद्र मांझी, सतीश अग्रवाल, पुरूषोतम प्रधान, शोभा चौधरी एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### परसुली में मनाया गया मितानिन दिवस

**नर्रा।** ग्राम पंचायत भवन परसुली में मितानीन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य लोचन पटेल रहे। अध्यक्षता सरपंच जल सिंह चक्रधारी ने की। इस अवसर पर मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का शाल और श्रीफल देकर सम्मान किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि पटेल ने सारगर्भित उदबोधन में कहा कि गर्भवती माताओं के सेवा और नवजात शिशु के देखभाल के लिए मितानिन महत्वपूर्ण कड़ी है। मितानिनों के प्रत्यक्ष कार्यों से नवजात शिशु और गर्भवती माताओं के मृत्यु दर में कमी आई है। इस दौरान पंच चम्पी बाई, होलिका चक्रधारी, मंजूला यादव, सोन कुंवर चक्रधारी, पविता नियाल, दुरपति मांझी, कैलाश पटेल, गंगा राम ढीढी, गंगासागर बाघ मांझी, मितानिन ऐषण पटेल, देवकी पटेल, कलावती चक्रधारी, निर्मला ठाकुर, सोहद्रा ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जानकी सूर्यवंशी, खगेश्वरी कुर्रे, सेवती ताण्डी, पंचायत सचिव सुनीता सोनवानी आदि मौजूद रहे।

### दो बूंद जिंदगी की, पल्स पोलियो अभियान आज

**सरायपाली।** खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कुणाल नायक, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे व विखं कार्य प्रबंधक शीतल सिंह के संयुक्त तत्वावधान में 21 से 23 दिसंबर तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में डॉक्टर कुणाल नायक ने बताया कि प्रथम दिवस 21 दिसंबर रविवार को बूथ के माध्यम से सुबह 8 से शाम 5 बजे तक लक्षित 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को आँगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक भवन में पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। छूटे हुए बच्चों को द्वितीय व तृतीय दिवस स्वास्थ्य टीम द्वारा घर-घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक दी जाएगी साथ ही शहरी क्षेत्र में बस स्टैंड, स्लम एरिया, ईट भट्ठा इत्यादि स्थानों में ट्रांजिस्ट टीम द्वारा पल्स पोलियो की खुराक भी दी जाएगी। पल्स पोलियो अभियान प्रभारी धृतलहरे ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत 268 बूथ बनाया गया है। जिसमें 16430 बच्चों को पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य रखा गया है। देशभर में पल्स पोलियो अभियान का शुरुआत 1995 से हुआ है और आधिकारिक तौर पर 27 मार्च 2014 को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पोलियो मुक्त घोषित किया जा चुका है। परंतु, पड़ोसी देश में पोलियो केस मिलने के कारण एहतिहात के तौर पर पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है।

### सावित्रीपुर का मामला, सरपंच-सचिव दे रहे हैं गोलमोल जवाब

# ग्राम पंचायत में राशि आहरण के बाद भी नहीं हुआ निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)



विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सावित्रीपुर में आहता निर्माण, स्कूल मैदान समतलीकरण एवं सीएससी भवन निर्माण के लिए कुल 8 लाख 33 हजार 150 रुपए माह जुलाई 2025 से आहरण किया गया है, लेकिन कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं किया गया है और न ही निर्माण सामग्री डलवाया गया है। मिली जानकारी अनुसार विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत सावित्रीपुर में आहता निर्माण, स्कूल मैदान समतलीकरण एवं सीएससी भवन निर्माण के लिए कुल 8 लाख 33 हजार 150 रुपए आहरण किया जा चुका है, जिसमें आहाता निर्माण के लिए 15/07/2025 तक 3 लाख 66 हजार 800, स्कूल मैदान समतलीकरण के लिए 04/09/2025 तक 01 लाख 80 हजार 450 एवं अटल डिजिटल सीएससी केंद्र निर्माण के लिए 22/07/2025 तक 02 लाख 85 हजार 900 रुपए आहरण किया जा चुका है, लेकिन कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं किया गया है। ऐसे में ग्रामीणों द्वारा राशि गबन की बात कह रहे हैं। मामला उजागर होने पर ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिल रहा है। ग्राम पंचायत में कई योजनाओं के नाम पर चुपके से लाखों रुपये निकाल लिया गया है, जहां पर काम तक शुरु नहीं हुआ है। ग्राम पंचायत सावित्रीपुर में 15वें वित्त आयोग एवं अन्य योजना के क्रियान्वयन में भारी अनियमितता बरती जा रही है।

ग्राम पंचायत सरपंच और सचिव फाइल बनाकर एफ़टीओ कर राशि तो निकल लेते है, लेकिन अक्सर कार्य फाइलों में ही बनकर रह जाता है, ऐसे में पंच, सरपंच एवं सचिव द्वारा जमकर धांधली की जा रही है। लेकिन बड़ी बात यह भी है कि इन सब बातों की शिकायत भी किए जाने पर जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति कर दी जाती है। सावित्रीपुर पंचायत के सरपंच कमल सिंह बरिहा के अब तक के कार्यकाल में विभिन्न योजनाओं के तहत विकास कार्य के नाम से कुल 18 लाख 96 हजार 107 रुपए भुगतान किया जा चुका है। उक्त भुगतान राशि के कई वाउचर में राशि प्राप्तकर्ता के स्थान पर अन्य दर्ज है। किसे भुगतान किया गया है इसकी जानकारी नहीं है। इसी तरह सरपंच एवं सचिव द्वारा जमकर गड़बड़ी किया गया है। इस मामले में सरपंच कमल सिंह बरिहा एवं सचिव सरजूसिंह नाग के द्वारा गोलमोल जवाब दिया जा रहा है। इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ योगेश्वरी बर्मन से उनका पक्ष जानने दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया गया किंतु उनको कॉल रिसीव नहीं किया।

# कलार समाज युवक-युवती परिचय विवरणिका 2025 का विमोचन

**स्वर्ण जयंती समारोह समाज के लिए गौरवशाली क्षण : प्रमिला सिन्हा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार समाज जन कल्याण समिति भिलाई नगर द्वारा आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं परिवार मिलन समारोह की 50वीं स्वर्ण जयंती पर युवक-युवती परिचय विवरणिका 2025 का विमोचन किया गया। विवरणिका का विमोचन महिला मंच की प्रदेश अध्यक्ष प्रमीला पुनीत सिन्हा के मुख्य आतिथ्य तथा जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष सुमन सागर सिन्हा की अध्यक्षता में हुआ।

इस अवसर पर प्रमीला पुनीत सिन्हा ने कहा कि जन कल्याण समिति भिलाई द्वारा लगातार 50 वर्षों तक युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन करना समाज के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। यह पहल न केवल कलार समाज बल्कि अन्य समाजों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से विवाह योग्य युवक-युवतियों एवं उनके परिजनों को एक मंच पर जीवनसाथी चयन का सशक्त अवसर मिलता है, साथ ही समय और आर्थिक संसाधनों की भी बचत होती है। उन्होंने यह भी कहा कि कलार समाज अपनी संगठनात्मक क्षमता, दूरदर्शिता और सामाजिक सहभागिता के बल पर निरंतर प्रगति कर रहा है। समाज में महिलाओं की भागीदारी भी सशक्त रूप से बढ़ रही है, जो सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का संकेत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुमन सागर सिन्हा ने बताया कि यह आयोजन जन कल्याण समिति भिलाई के सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है, जो पूर्वजों द्वारा स्थापित परंपरा को पिछले 50 वर्षों से भव्यता के साथ निभाते आ रहे हैं। इसमें भिलाई नगर के सभी समाजजनों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। विवरणिका विमोचन के दौरान प्रधान संपादक किशोर कुमार नशीने, संयोजक पुष्पेंद्र गजेंद्र, प्रबंध संपादक गेंदराम सिन्हा, वरिष्ठ संपादक रामजीत सिन्हा, पूर्व प्रदेश महामंत्री प्रेमलाल सिन्हा, पूर्व प्रांतीय कोषाध्यक्ष विषेसर सिन्हा, मंडलेश्वर भिलाई जीवन सिन्हा, मंडलेश्वर पिथौरा पुनीत सिन्हा, महासमुंद के पूर्व जिला ऑडिटर रघुनाथ डड़सेना सहित विवरणिका के सभी सह-संपादक उपस्थित रहे।



## जगदीशपुर धान खरीदी केंद्र पहुंचे विधायक ने की किसानों से चर्चा

**सांकरा।** विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने बसना विधानसभा के ग्राम जगदीशपुर स्थित धान खरीदी केंद्र (सोसाइटी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और किसानों एवं केंद्र के कर्मचारियों से सीधा संवाद कर जमीनी हकीकत जानी। निरीक्षण के दौरान विधायक डॉ. अग्रवाल ने समिति प्रबंधकों और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र पर आने वाले किसानों का सम्मान किया जाए और यदि कोई तकनीकी समस्या आती है, तो उसका तत्काल निराकरण किया जाए ताकि किसानों को लंबा इंतजार न करना पड़े। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल की इस सक्रियता और किसानों के प्रति उनकी संवेदनशीलता की ग्रामीणों ने मुक्तकंठ से सराहना की। किसानों का कहना है कि विधायक स्वयं केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, जिससे व्यवस्थाएं सुदृढ़ हुई हैं और बिचौलियों पर लगाम कसी गई है। इस अवसर पर विधायक निज सचिव नरेंद्र बोरे, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, रेमडा सरपंच प्रतिनिधि सोहन पटेल, हबेकांटा सरपंच त्रिलोचन भोई, विजय पटेल, अनेक किसान समेत धान उपार्जन केंद्र के कर्मचारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण से लाभान्वित हुए शिक्षक

**बच्चों के सीखने, अनुभव करने और समझ विकास के लिए प्रशिक्षण में दिया गया जोर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित कक्षा छठवीं के संस्कृत एवं जिज्ञासा (विज्ञान) विषय के अध्यापन करने वाले विषय शिक्षकों को आमंत्रित कर शासकीय हाईस्कूल झिलमिला में पांच दिवसीय विखं स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन 'हर प्रशिक्षण - प्रभावी प्रशिक्षण' की तर्ज पर किया गया।

प्रशिक्षण प्रभारी एवं बीआरसीसी देवानंद नायक ने बताया कि यह प्रशिक्षण एनईपी 2020 एवं नवीन पाठ्य पुस्तकों के संदर्भ में व्यापक समझ स्थापित करने एवं विद्यार्थियों में लर्निंग आउटकम को बढ़ावा देने के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए काफी प्रभावी एवं आवश्यक प्रशिक्षण है। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणार्थियों ने बखूबी मन लगाकर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सभी कंटेंट को पूर्ण किया। प्रशिक्षण के माध्यम से टीचरों ने एनईपी 2020, अनुभवात्मक अधिगम, समग्र आंकलन के लिए प्रश्न पत्र तैयार करने, रचनात्मक आंकलन, सावधिक, योगात्मक आंकलन, उपचारात्मक शिक्षण, स्कैफहोल्डिंग आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त किया और प्रशिक्षण में इसका अभ्यास कराया गया। ब्लूम टेक्सोनॉमी स्तरों के अनुसार सुझावात्मक गतिविधियों पर चर्चा किया गया। कला शिक्षण, व्यावसायिक शिक्षण, योग शिक्षा के साथ-साथ एनसीएफ, एससीएफ, लर्निंग आउटकम की विस्तृत जानकारी दी गई एवं नवीन पाठयपुस्तक पर आधारित विषय के विभिन्न अवधारणाओं को स्पष्ट करने के लिए गतिविधियों एवं शिक्षण पद्धतियों के साथ शिक्षकों के दायित्वों एवं कक्षा वातावरण में शिक्षकों की भूमिका को स्पष्ट किया गया। वहीं पीयर लर्निंग, एमएलई आदि को ग्रुप एक्टिविटी के माध्यम से व्यापक तौर से सबने जाना-सीखा-समझा।

प्रशिक्षणार्थियों ने छत्तीसगढ़ी, उड़िया, पंजाबी, कन्नड़, हिन्दी, अंग्रेज़ी आदि भाषा में ग्रुप एक्टिविटी कर सबको अचंभित किया। वहीं आसपास के क्षेत्र भ्रमण कर ₹कबाड़ से जुगाड़₹ कर विज्ञान की गतिविधि से सहज सीख ली। इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों में नवीन पाठ्य पुस्तकों के प्रति एक सकारात्मक वातावरण के साथ विषय संबंधी व्यापक ज्ञान की प्राप्ति हुई तथा विविध गतिविधियों को स्वयं ग्रुप में कर सीखने का माहौल मिला, जिसका जमीनी स्तर पर सीधा फायदा विद्यार्थियों को प्राप्त होगा। प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर प्रथम दिवस बीआरसीसी देवानंद नायक एवं बीईओ टीकमचंद पटेल उपस्थित हुए और टीचरों को सम्बोधित किए। बीईओ टीकमचंद पटेल द्वारा तृतीय दिवस प्रशिक्षण का आकस्मिक जायजा लिया गया। जिससे शिक्षकों में सजगता बनी रहे और और इस प्रभावी प्रशिक्षण में सीखने- सिखाने के क्रम की निरंतरता बनी रहे। उन्होंने प्रत्येक ग्रुप में जाकर टीचर्स के सामूहिक गतिविधियों के बारे में जायजा लिया और प्रश्न किए। टीचरों से प्राप्त उत्तर से अपनी संतुष्टी व्यक्त करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम, समस्त व्यवस्थाओं एवं प्रशिक्षकों की भी सराहना की और पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण लेने प्रेरित किया। समापन अवसर पर बीआरसीसी देवानंद नायक ने प्रशिक्षणार्थियों को क्रमशः प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने एनईपी 2020 एवं नवीन पाठ्य पुस्तकों के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही प्रशिक्षण में सीखे हुए विषयवस्तुओं को अपने विद्यार्थियों तक ले जाने हेतु शिक्षकों को प्रेरित किया और आशा व्यक्त किया कि इस प्रशिक्षण का लाभ बच्चों तक सीधे पहुंचेगा।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

**बसना।** बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल जनसेवा और जनस्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को लेकर निरंतर सक्रिय हैं। इसी क्रम में उन्होंने बसना स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया तथा 'जीवन दीप समिति' की बैठक में भाग लेकर क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं की गहन समीक्षा की।

बैठक के दौरान विधायक डॉ. अग्रवाल ने अस्पताल प्रबंधन और समिति सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर उपचार मिलना चाहिए और किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। दवाओं की उपलब्धता और चिकित्सकों की उपस्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक के उपरांत विधायक डॉ.संपत अग्रवाल ने स्वयं अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और मरीजों व उनके परिजनों से सीधा संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, निःशुल्क दवाओं की उपलब्धता और अन्य सुविधाओं के बारे में फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों को निजी अस्पतालों




से बेहतर बनाना हमारा लक्ष्य है, ताकि आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा उनके ही क्षेत्र में उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, आपातकालीन सेवाओं की तत्परता और चिकित्सा उपकरणों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता बेहतर स्वास्थ्य की पहली सीढ़ी है और अस्पताल परिसर में स्वच्छता के मानकों का कड़ाई से पालन अनिवार्य है। साथ ही, उन्होंने 24x7 आपातकालीन सेवाओं की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया और समस्त स्टाफ को अपनी ड्यूटी के प्रति निष्ठावान रहने की सलाह दी। विधायक डॉ. अग्रवाल ने स्वास्थ्य कर्मियों से मरीजों के प्रति संवेदनशील और विनम्र व्यवहार अपनाने का आग्रह किया, जिससे पीड़ितों को मानसिक संबल मिल सके। उन्होंने चिकित्सा उपकरणों के नियमित रखरखाव की आवश्यकता पर भी बल दिया, ताकि आपात स्थिति में किसी भी प्रकार की तकनीकी बाधा न आए। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, जनपद पंचायत सभापति प्रकाश सिन्हा, जनपद सदस्य मधु खुंटे, भाजपा मंडल बसना अध्यक्ष नरेंद्र यादव, पत्रकार सुखदेव वैष्णव, जनप्रतिनिधिगण, भाजपा कार्यकर्तागण, वरिष्ठ नागरिकगण आदि उपस्थित रहे।

# बसना विधायक ने परसवानी में सुनी जनसमस्याएं, बच्चों का किया अन्नप्राशन

**सांकरा।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम परसवानी में ₹प्रशासन गांव की ओर₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों द्वारा उठाए गए मुद्दों का निराकरण समय सीमा के भीतर किया जाए ताकि सुशासन की मूल भावना 'अंतिम व्यक्ति तक लाभ' को चरितार्थ किया जा सके। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार की नीतियों पर जमकर भरोसा जताया। उन्होंने ओजस्वी स्वर में कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार जनता की आकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए पूरी तरह समर्पित है। डॉ. अग्रवाल ने गांव के नन्हे शिशुओं का अन्नप्राशन



कराया। इस अवसर पर इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सीताराम सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, पिथौरा जनपद पंचायत सभापति आशा हेमंत ठाकुर, परसवानी सरपंच प्रभावती कविता चौधरी, विधायक प्रतिनिधि खेमू अग्रवाल, लारीपुर सरपंच हेमंत ठाकुर, सरपंच बड़ेलोरम दुर्जय प्रधान, कटंगतराई सरपंच वासंती साहू, सरपंच सलडीह गीतांजलि अनुराग प्रधान, सरपंच छोटेलोरम जूही पारेश्वर राजकुमार, परसवानी सोसायटी अध्यक्ष अकलश्याम चौधरी, सांकरा सोसायटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, सरपंच सिंधारपुर सुमित्रा चौधरी, ग्राम गौंटिया भरत प्रधान, अतिरिक्त सीईओ सुशील कुमार चौधरी, कार्यक्रम संचालक द्वारका पटेल, रंजन प्रधान रिखादादार, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, विभागीय अधिकारीगण और बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।



## गुरु घासीदास मानवता के पुजारी थेः अलका

**बागबाहरा।** खल्लारी विधानसभा के ग्राम बंधापार में आयोजित गुरु घासीदास बाबा की जयंती कार्यक्रम में अलका चंद्राकार स्वतंत्र निदेशक इस्पात मंत्रालय पहुंची। जहां गुरु घासीदास के मंदिर में पूजा अर्चना का क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। रात्रिकालीन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिरकत की। अवसर पर अलका ने कहा कि संत गुरु घासीदास बाबा का जन्म ऐसे समय हुआ जब समाज में छुआछूत, भेदभाव, अंधविश्वास, आर्थिक, सामाजिक विषमता व्याप्त था। उन्होंने समाज में मानवता का संदेश देते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया एवं मनखे मनखे एक समान सभी मानव हम सब बराबर हैं का संदेश दिया। आज भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं राज्य की सरकार गुरु घासीदास बाबा के बताए हुए मार्ग पर चलते हुए जन कल्याणकारी कार्य और योजनाएं बना रही है। अनुसूचित जाति के लोगों के विकास के लिए अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण का गठन किया, बजट प्रावधान भी बढ़ते हुए 75 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष का प्रावधान किया गया है। अनुसूचित जाति के बच्चों के उच्च शिक्षा के लिए 15 लाख तक के छात्रवृत्ति का प्रावधान हमारी सरकार द्वारा किया गया। सभा को भीखम ठाकुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष, रूपेश साहू मंडल अध्यक्ष, नितिन जैन मंडल अध्यक्ष ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर गोरख यादव, दिनेश चंद्राकर, शिवदास टंडन, निर्वाखण टंडन, नोहर गणेश टंडन, सरपंच मुक्ता मन्नाडे, मनोज बंजारे आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ विनय टंडन ने किया।

# व्यापारी संघ ने किया कांग्रेस विधायक का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव को कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर बागबाहरा के व्यापारी संघ द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान व्यापारियों ने कहा कि बड़ा हर्ष है कि सदैव हमारे बीच रहने वाले विधायक यादव को कांग्रेस हाईकमान द्वारा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। व्यापारियों ने यादव का फूलमाला, शॉल फल एवं मोमेंटों भेंट कर सम्मानित किया। कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष विधायक यादव ने व्यापारियों द्वारा किए गए स्वागत पर हर्ष जताया और कहा कि हमारे व्यापारियों द्वारा समाज सेवा किसी न किसी रुप में किया जाता है। व्यापारियों के टैक्स अदायगी की जाती है उससे अस्पताल, स्कूल, आवागमन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में उनके व्दारा दिये गये पैसे लगते है, यह भी समाज सेवा रुप है। व्यापारियों को आए दिन कोई ना कोई नई समस्याओं से जुझना पड़ता है। व्यापारी खुलकर व्यापार करें, ऐसा अवसर उन्हें मिलना चाहिए। व्यापारी में धैर्य और सहन शक्ति होती है, वे 12 घंटे तक व्यापार करते है और अपने मधुर वाणी से सभी का दिल जीतने का काम करते है।

विधायक यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है उसको निभा कर मैं व्यापारियों की हित की लड़ाई में हमेशा आगे रहूंगा। व्यापारी अपनी समस्या को लेकर कभी भी कोई भी समय मुझ से बिना हिचकिचाहट के मिले। उन्होंने कहा कि बागबाहरा शहर का पूरा व्यापार राष्ट्रीय राज मार्ग की किनारे पर संचालित है, उन्हें बड़ा व्यापार करने के लिए बड़ी जगह चाहिए, छोटी जगह होने के कारण व्यापार का बड़ा स्वरूप करने में परेशानी हो रही है। मैं चाहता हूँ कि बागबाहरा शहर में भी एक अलग से व्यापारी प्रतिष्ठिन का निर्माण हो, जहां पर सभी का दुकान एक जगह हो और व्यापारी को अपना व्यवसाय बढ़ाने भरपूर जगह मिलेगा तो निश्चित ही यहां का व्यवसाय बढ़ेगा।

इस अवसर पर नपा अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, कांगेस के शहर अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, कांगेस नेता लक्ष्मण पटेल, फिरोज मेमन पारस सांखला, गणेश शर्मा, समीम खान, नवनीत सलूजा, देवेश साहू, नपा उपाध्यक्ष पोखराज साहू, युवा कांगेस के छोटू बघेल सहित व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार जैन, राइस मिल संघ के अध्यक्ष नरेश जैन सहित वरिष्ठ राइस मिल संचालक प्रभु अग्रवाल, दीपक जैन, संतोष जैन, राहुल अग्रवाल, अनमोल सारडा, महावीर जैन, हेमंत जैन, अमरजीत छाबडा, राजेंद्र सिंह, अभिषेक मेघु चंद्राकर, राजू चंद्राकर, नरेंद्र बग्गा राहुल सारडा, अमित गुप्ता, आकाश जैन, चंद्रशेखर चंद्राकर, योगेश गंडेचा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### ब्लू प्रिंट निर्माण के लिए व्याख्याताओं को प्रशिक्षण

**महासमुंद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान महासमुंद के आदेशानुसार बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं और बारहवीं के परीक्षा की तैयारी के लिए ब्लॉक स्तरीय विषय आधारित ब्लू प्रिंट निर्माण के लिए बागबाहरा विकासखंड के व्याख्याताओं का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसीसी के सहयोग से ह्यूमन प्राइड इंग्लिश मीडियम हाइस्कूल बागबाहरा में किया जा रहा है। ब्लू प्रिंट निर्माण के लिए मास्टर ट्रेनर के रूप में हीरा सिंह नायक गणित, विजय कुमार घाटगे रसायन शास्त्र, कौशल चंद्राकर जीव विज्ञान, मनोज कुमार साहू भौतिक द्वारा विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया जा रहा। साथ ही साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न बिंदु पर प्रकाश डाला जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के उप प्राचार्य उमादेवी शर्मा, व्याख्याता लक्ष्मी सिन्हा, किरण कुमार कन्नौजे की टीम द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया। उपप्राचार्य के द्वारा बताया गया कि दूरस्थ अंचल के कुछ छात्र छात्राएं पढ़ाई में थोड़ा कम ध्यान देते है। परीक्षा का समय पास आ गया है उन्हें ज्यादा से ज्यादा पढ़ाई करने हेतु प्रेरित करने पर बल दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान व्यवस्था बनाने के लिए व्याख्याता परस राम सिन्हा का सहयोग रहा। यहां कुल 65 व्याख्याताओं द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया जा रहा है।




### विजय दिवस पर वीर शहीदों के नाम पर बनाई रंगोली

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में विजय दिवस पर अमर वीर शहीदों के नाम से रंगोली बनाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

# क्षेत्र के खरीदी केंद्रों में धान जाम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

क्षेत्र की 14 सहकारी समितियों में धान खरीदी व्यवस्था गंभीर दबाव में आ गई है। खरीदी शुरू हुए लगभग एक माह हो चुका है, लेकिन अब तक धान का उठाव नहीं हो पाने के कारण खरीदी केंद्रों की डंपिंग क्षमता लगभग पूरी तरह भर चुकी है।

ऐसे में यदि शीघ्र उठाव शुरू नहीं हुआ तो धान खरीदी अस्थायी रूप से बंद होने की स्थिति बन सकती है। आंकड़ों के अनुसार क्षेत्र की मंडियों में लगभग 3 लाख क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है, जिससे खरीदी केंद्रों में नई आवक के लिए जगह नहीं बच रही है। खरीदी शुरू होने के बाद भी उठाव की वैकल्पिक व्यवस्था न होना प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है। समय रहते समाधान नहीं हुआ तो इसका सीधा असर किसानों और समितियों दोनों पर पड़ेगा।

### खरीदी केंद्रवार जाम धान (क्विंटल) में

झलप 18,000, डूमरपाली 15,000, सरेकेल 31,000, रायतुम 23,000, पचरी 25,000, नरतोरा 32,000, सराईपाली 18,000, बावनकेरा 32,000, चौकबेड़ा 13,000, पटेवा 16,000, सलिहाभांटा 13,000, नवागांव 16,000, सोनासिल्ली 25000, धनोरा 14000 क्विंटल धान जाम है।

### उठाव में देरी से बढ़ रहा जोखिम

समिति प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बताया कि लंबे समय से धान उठाव नहीं होने के कारण सूखत (वजन घटने) का खतरा बढ़ रहा है, जिससे समितियों को नुकसान की आशंका है। किसानों ने बताया कि फिलहाल खरीदी तो जारी है, लेकिन केंद्रों में जगह की कमी के कारण उन्हें तिरपाल बिछाकर खुले में धान खाली करना पड़ रहा है। यदि उठाव जल्द शुरू नहीं हुआ और खरीदी बंद हुई तो आने वाले दिनों में किसानों की परेशानी और बढ़ सकती है।

## सहभागिता: शक्ति, सम्मान, स्वाभिमान का आयोजन

# नोनी जोहार-04 में शामिल हुए रासेयो के स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

यूनिसेफ व छत्तीसगढ़ शासन, एलाइंस फॉर बिहेवियर चेंज के संयुक्त तत्वावधान पर दो दिवसीय शक्ति सम्मान स्वाभिमान के थीम पर नोनी जोहार-04 का आयोजन रायपुर में हुआ। इस आयोजन में राज्य के 15 जिलों के एनएसएस एनवाईकेएस सहित राज्य के 250 से अधिक स्वयं सेवक शामिल हुए।

कार्यशाला के पहले दिन एबीसी के विशेषज्ञ अभिषेक सिंह ने सत्र का शुभारंभ किया। साथ ही स्वयं सेवकों को ग्लोबल स्पीकर विभूति डुग्गर द्वारा अपने अपनों को उम्मीद भरे खत लिखा कर भावुक किया। साथ ही छत्तीसगढ़ छालीवुड के एक्टर आकाश सोनी ने भी अपने अनोखे अंदाज में समा बांधा। वही आयोजन के दूसरे दिन बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ के थीम लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर से नंदलाल चौधरी द्वारा बैठक आयोजित की गई। लोक गायिका गरिमा दिवाकर ने अपने गीतों से समां बांधा। साथ ही दूसरे दिन भारतीय अभिनेत्री स्मृति कालरा ने स्वयं सेवकों के साथ नई उर्जा का संचार किया। स्वयंसेवकों द्वारा लगाई गई विभिन्न अभियानों के स्टॉल पर विजित किया। वही महासमुंद जिले के आठ स्वयं सेवक इस आयोजन पर शामिल हुए। महासमुंद में यूनिसेफ व जिला प्रशासन द्वारा चलाई जा रही अभियान खेल कलेवा, सुरक्षित पारा सुरक्षित लइका-03, पांच संकल्प जैसे अभियानों पर सक्रिय भूमिका निभा रहे शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रासेयो स्वयं सेवक दिनेश कुमार साहू, भूपेश साहू, प्रहलाद साहू, विजय ब्रम्हे, नेतराम, भक्तमनी, कुंभज व कुबेर हुए शामिल रहे, जिनकी जिम्मेदारी खेल कलेवा, सुरक्षित पारा सुरक्षित लइका-03, पांच संकल्प जैसे अभियानों के स्टॉल की दी गई थी। सभी अतिथियों ने स्टॉल का भ्रमण किया। स्वयं सेवकों ने अपने अपने अंदाज में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ व नशामुक्त छत्तीसगढ़ और साइबर अपराध जैसे विषयों में नुक्कड़ नाटक कर के अपने व्यक्तित्व विकास की क्षमता बढ़ाई। साथ ही लोगों को जागरूक होने का संदेश दिया। स्वयं सेवकों की सहभागिता के लिए शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे, डॉ मालती तिवारी रासेयो जिला संगठक, डॉ दुर्गावती भारतीय विभागाध्यक्ष हिंदी, अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस (पुरुष इकाई), राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस (महिला इकाई) समेत महाविद्यालय अधिकारी कर्मचारी एवं स्वयंसेवकों ने हर्ष जताया है।



# मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता में रेणुका और प्रश्न मंच में पुष्पेंद्र रहे अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- **शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में द्वितीय दिवस मॉडल मेकिंग एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता हुई**

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय द्वारा प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस आयोजित है। इसके तारतम्य में 20 दिसंबर 2025 को द्वितीय दिवस मॉडल मेकिंग एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ रीता पांडेय, सहायक प्राध्यापक डॉ दुर्गावती भारतीय, दिलीप कुमार बढ़ाई, रुपावती, सीपी चतुर्वेदी अतिथि व्याख्याता गणित मंचस्थ रहे। सभी का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ रीता पांडेय ने कहा कि यह गणित के क्षेत्र में छात्र छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। गणित के क्षेत्र में भी विद्यार्थी आगे आए। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में निर्णायक सीपी चतुर्वेदी अतिथि व्याख्याता गणित, रोहिणी देवांगन अतिथि व्याख्याता गणित, प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र रहे। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में अधिक से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम पुष्पेंद्र पटेल बीएससी अंतिम वर्ष, द्वितीय हिमाद्री चक्रधारी बीएससी अंतिम वर्ष, तृतीय ऋतु साहू बीएससी अंतिम वर्ष ने प्राप्त किया। इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निर्णायक रुपावती अतिथि व्याख्याता गणित, डॉ प्रिया बारीक अतिथि व्याख्याता भौतिकशास्त्र, प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र रहे। मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए भाग लिया। जिसमें प्रथम रेणुका साहू बीएससी तृतीय वर्ष, द्वितीय टीना निषाद बीएससी तृतीय वर्ष, तृतीय ऋतु साहू बीएससी तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को 22 दिसंबर को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय से डॉ. प्रिया बारीक अतिथि व्याख्याता भौतिकशास्त्र, रोहिणी देवांगन अतिथि व्याख्याता गणित, मनीष साहू प्रयोगशाला तकनीशियन सहित अधिक संख्या में विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र ने किया।



## परिक्षेत्र स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्ता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.करुणा दुबे के निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी दिलीप लहरे के नेतृत्व में परिक्षेत्र स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया जा रहा है। 20 दिसंबर को पहला सेमी फाइनल मैच शासकीय महाविद्यालय भाटापारा एवं शासन डीके महाविद्यालय बलौदाबाजार के मध्य खेला गया। जिसमें बलौदा बाजार विजयी रही। पहले बल्लेबाजी करते हुए भाठापारा टीम ने 20 ओवर में 139 रन बनाए, जिसके जवाब में बलौदाबाजार ने 18.2 ओवर में 7 विकेट खोकर मैच जीत लिया। वहीम अंसारी ने 37 गेंद में 59 रन एवं 5 ओवर में 13 रन देकर 4 विकेट लिए। दूसरा सेमी फाइनल शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा और शासकीय महाविद्यालय बसना के मध्य मिनी स्टेडियम बागबाहरा में खेल गया। जिसमें बागबाहरा 30 रन से विजेता बनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए बागबाहरा ने 20 ओवर में 191 रन बानाए। वहीं बसना की पूरी टीम 161 रन पर ऑल आउट हो गए। बागबाहरा के लिए सत्यम ने 49 गेंद में 51 रन बनाए। एसके यादव ने 16 गेंद में ताबड़तोड़ 42 रन बनाए। उक्त प्रतियोगिता में बी राय, राजेश शर्मा, मुकेश पेंडरिया, सन्नी, बिट्टू उपस्थित रहें।

### मनरेगा में बदलाव को लेकर कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन आज



**महासमुंद।** मनरेगा में किए गए बदलावों के विरोध में जिला मुख्यालय में कांग्रेसजनों द्वारा जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के सह-प्रभारी विजय जांगिड भी उपस्थित रहेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा है कि मनरेगा योजना में अब लगभग 40 प्रतिशत राशि का भार राज्य सरकार पर डाला जा रहा है, जिससे राज्य की आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त भार पड़ेगा। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत मजदूरों को सौ दिन का रोजगार देने की कानूनी गारंटी पूर्व प्रधानमंत्री एवं विश्वविख्यात अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा दी गई थी। उस अधिनियम में मौजूदा सरकार द्वारा किया गया बदलाव को अनुचित बताते हुए उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी कल्याणकारी योजना का क्रियान्वयन कर पाना इस नई व्यवस्था में राज्य सरकारों के लिए संभव नहीं होगा। मनरेगा तहत पर्याप्त कार्य उपलब्ध नहीं हो पाने का सीधा नुकसान गरीब एवं ग्रामीण मजदूरों को होगा। यादव ने कहा कि पहले मनरेगा मजदूरों के लिए रोजगार की गारंटी थी, लेकिन वर्तमान बदलावों के बाद मजदूरों को काम मिलना लगभग बंद हो जाएगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी बढ़ेगी और पलायन की समस्या गंभीर होगी। यह फैसला मजदूर-विरोधी है और केंद्र सरकार की जनविरोधी सोच को दर्शाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मनरेगा में किए गए इन बदलावों को तत्काल वापस नहीं लिया गया, तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी तथा सड़क से लेकर सदन तक मजदूरों की आवाज बुलंद करेगी। धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस के विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# आदर्श समाज निर्माण के लिए बाबा के संदेशों का अनुसरण आवश्यकः निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम मुड़ागांव में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। इस दौरान साहू ने बाबा घासीदास की पूजा कर समाज व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम स्थल पर समाज के युवा पदाधिकारियों ने पालिका अध्यक्ष का पारंपरिक रूप से स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि बाबा के बताए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही एक आदर्श समाज का निर्माण किया जा सकता है। उनके विचार आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हैं। सत्य और धर्म के प्रतीक स्वरूप उनका जैतखाम समाज को प्रेरित करता रहेगा। यह जैतखाम सामाजिक समानता, एकता और नैतिकता का प्रतीक है। बाबा का जीवन स्वयं एक आदर्श था, जिससे समाज को प्रेरणा मिलती रही। आज जब समाज पुनः जाति, वर्ग और वैचारिक विभाजन की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब संत गुरु घासीदासी का मनखे-मनखे एक समान का संदेश और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। सामाजिक समरसता, भाईचारा, मानवाधिकार और समानता की दिशा में उनके विचार मार्गदर्शक हैं।

इस अवसर पर विजय बंजारे सतनाम सेना विस अध्यक्ष, कमल नारायण टंडन ब्लॉक अध्यक्ष, लालजी जांगड़े समाज अध्यक्ष मुड़ागांव, डेरहा राम टंडन, सुशील जांगड़े, हेमसिंग टंडन, सियाराम टंडन, उत्तम सोनवानी, दयालु राम टंडन, अरविंद साहू पूर्व पंच आदि उपस्थित थे।



# अर्द्धवार्षिक परीक्षा का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित अर्द्धवार्षिक परीक्षा का शिक्षा विभाग के सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा ने निरीक्षण किया। परीक्षा कुल 17 कमरों में संचालित था। सभी कक्षों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित पाई गई, जिस पर उनके द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई। निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्राचार्य तोषण गिरि गोस्वामी, परीक्षा प्रभारी देवेंद्र कुमार शर्मा, विमल मन्नाडे उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में गणित विषय पर हुई विविध प्रतियोगिता

# रामानुजन की जयंती पर गणित मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में 22 दिसंबर को महान भारतीय गणितज्ञ निवास रामानुजन की जन्म दिवस पर गणित मेला का आयोजन 20-12-2025 शनिवार को रखा गया। इस अवसर पर आदर्श शिक्षा मंडल समिति के उपाध्यक्ष संध्या शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ओम, भारतमाता एवं निवास रामानुजन के छाया चित्र पर पुष्प अर्पण, तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर गणित मेले में गणित विषय से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया था। जिसमें गणित मॉडल, गणित चार्ट, व्यंजन सज्जा प्रतियोगिता, अनुमानित मापन, निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, उल्टा गिनती, सीधा गिनती, सीधा पहाड़ा, उल्टा पहाड़ा, गणित रंगोली, गणित पत्र वाचन, भाषण प्रतियोगिता हुई। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। गणित मेले में बच्चों ने मनोरंजक गतिविधियों के साथ-साथ गणित सीखने का आनंद लिया। सभी प्रतियोगिता चार वर्गो शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग, तरुण वर्ग में आयोजित हुआ। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।



कार्यक्रम के समापन अवसर उपाध्यक्ष संध्या शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शीतकालीन अवकाश में छुट्टियां मनाने एवं घूमने के साथ-साथ पढ़ाई को भी निरंतर जारी रखने को कहा गया। साथ ही उन्होंने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की वरिष्ठ आचार्य मनोज साहू ने किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य एवं प्रभारी शिव कुमार कन्नौजे, बलराम सेन, दुर्गेश नंदिनी चंद्राकर, सरोजनी साव, तारिणी गोस्वामी, किरण सोनी, गुरवारी सोनी, टिकेश्वरी चंद्राकर, निशा गोस्वामी, उत्तरा सिन्हा, मल्लिका चंद्राकर, तनूजा साहू, अर्चना साव, साक्षी घोड़ीचोरे, किरण कुमार साहू, अजीत राम साहू, अश्वनी साहू, तुलसीराम पटेल, कुंजलाल पटेल, खोजेंद्र कुमार साहू एवं विद्यालय के समस्त दीदी, आचार्यों का सहयोग सराहनीय रहा। यह जानकारी प्रचार प्रसार प्रमुख पवन निर्मलकर व ललित कुमार सिन्हा ने दी है।

**न्यायालय तहसीलदार महासमुन्द, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

रा.मा.क्र. 202508120600051 अ/19 (3) वर्ष 2024-25 ग्राम- परसट्ठी प.ह.नं.-40 तहसील व जिला महासमुन्द

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम परसट्ठी को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्राचार्य, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद जिला महासमुंद ने ग्राम परसट्ठी पहनं. 40 तहसील महासमुंद स्थित भूमि खसरा नंबर 413/1 के टुकडा रकबा 4.00 हे. को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद जिला महासमुंद के भवन निर्माण हेतु आबंटित किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। आवेदन मूलतः जांच प्रतिवेदन हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक/484/वा-1/अ.वि.अ. / 2025 महासमुंद दिनांक 13.05.2025 के माध्यम से इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि को आबंटन कर भूमि स्वामी हक प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा, आपत्ति हो तो वह दिनांक 05/1/2026 को कार्यालयीन अवधि में न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है, उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
महासमुंद

## खबर संक्षेप



### स्कूल में मनाया गया मानव एकता दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को मानव एकता दिवस के बारे में बताया गया कि मानव समाज में जागरुकता बढ़ाने के लिए देशभर में हर साल 20 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान बच्चों को एकता में बल के बारे में बताया गया। इस दिन लोगों को सामाजिक रूप से संगठित रहने के लिए जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। इस मौके पर लता चंद्राकर, रुक्मणी सारथी, दीपा कुरे, वर्षा सारथी, ललिता धीवर, मनीषा चंद्राकर, हीना चंद्राकर, माधुरी पटेल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।



### नदी चौक में मनाई गई गुरु घासीदास जयंती

**महासमुंद।** ग्राम नदी चौक में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। तुषार साहू ने उद्बोधन में कहा कि गुरु घासीदास ने सनातन धर्म के भीतर ही एक ऐसे पंथ की शुरुआत की, जो सभी मनुष्यों को समान मानता है और सामाजिक न्याय व सद्भाव का संदेश देता है, जिससे लाखों लोग उनके अनुयायी बने और आज भी उनके आदर्शों का पालन करते हैं। इस अवसर पर सरपंच पर्वती सुधीर बंजारे, सघन ओगरे, जगु ओगरे, रामा बंजारे, नंयकुमार बंजारे, सुनिल बंजारे, मनीष बंजारे आदि मौजूद रहे।

**जयंती समारोह:** विधायक ने कर्राभौना में नवाया शीश, क्षेत्र की खुशहाली की कामना की

# बाबा गुरु घासीदास के मनखे-मनखे एक समान के मंत्र से ही होगा समाज का उत्थानः विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

- जैतखाम की पूजा-अर्चना कर विधायक ने लिया आशीर्वाद, ग्रामीणों को दी बाबा की जयंती की बधाई

सतनाम पंथ के प्रवर्तक, महान समाज सुधारक और सामाजिक समरसता के प्रतीक संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती पूरे अंचल में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ग्राम कर्राभौना में आयोजित भव्य जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर विधायक डॉ. अग्रवाल का ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने सबसे पहले सतनाम पंथ के पवित्र प्रतीक 'जैतखाम' की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और सफेद ध्वज चढ़ाकर मत्था टेका। इस दौरान उन्होंने बाबा से समस्त क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख, शांति, आपसी भाईचारा और समृद्धि बनाए रखने के लिए मंगल कामना की। जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने बाबा गुरु घासीदास के जीवन दर्शन और उनके उपदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने सदियों पहले 'मनखे-मनखे एक समान' का जो अमर संदेश दिया था, वह आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने समाज में व्याप्त ऊंच-नीच, भेदभाव और कुरीतियों को जड़ से मिटाने का मार्ग दिखाया। हमें उनके बताए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर एक सशक्त समाज का निर्माण करना है।



उन्होंने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि बाबा का जीवन स्वयं में एक पाठशाला है। सादगी, शुद्ध आचरण और प्राणी मात्र के प्रति दया भाव रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। विधायक डॉ अग्रवाल ने विश्वास दिलाया कि वे बाबा के आदर्शों पर चलते हुए क्षेत्र की सेवा के लिए सदैव तत्पर हैं और अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना ही उनकी प्राथमिकता है। समारोह में कर्राभौना सहित आस-पास के गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सतनाम भजन और 'पंथी नृत्य' की प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पिथौरा जनपद अध्यक्ष ऊषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, जिला अध्यक्ष सतनामी समाज दौलत प्रसाद रात्रे, बसना जनपद अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि खोलबाहरा निराला, बसना नगर पंचायत उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, पिथौरा जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, बसना जनपद पंचायत सभापति प्रकाश सिन्हा, जनपद पंचायत बसना सभापति मधु खूंटे, प्रदेश महासचिव सतनामी समाज लखन कुर्रे, ब्लॉक महंत अभय धृतलहरे, लाभो संत, सरपंच मेघमोती सिदार, बसना जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मिलाप निराला, नरेंद्र रात्रे, प्रेम खूंटे, मारवाड़ी युवा मंच अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, सतनाम युवा समिति अध्यक्ष कुशल रात्रे, कांग्रेस रत्नाकर, पिथौरा सतनाम सेना अध्यक्ष भीम जाटवार, अध्यक्ष सतनाम सेना बसना नमीष मिरी, नरेंद्र बोरे, कर्राभोना सतनामी समाज अध्यक्ष गंगाधर खूंटे, सरायपाली मारवाड़ी युवा मंच यश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, उमंग अग्रवाल, सानिध्य अग्रवाल, सतनामी समाज उपाध्यक्ष तुलाराम खूंटे, सतनामी समाज सचिव हेमनाथ खूंटे, समाज के सम्माननीय प्रतिनिधि, युवा कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक पदाधिकारी और बड़ी संख्या में माताएं-बहनें उपस्थित रहे।

# जयंती पर पूर्व मुख्यमंत्री वोरा को कांग्रेसियों ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रहे स्वर्गीय मोतीलाल वोरा की जयंती स्थानीय कांग्रेस भवन में श्रद्धा, सम्मान एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि स्व. मोतीलाल वोरा भारतीय राजनीति के एक कुशल प्रशासक, संगठन के मजबूत स्तंभ एवं कांग्रेस विचारधारा के प्रति आजीवन समर्पित नेता रहे। उन्होंने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए विकास, सुशासन एवं सामाजिक समरसता को नई दिशा दी। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के रूप में उन्होंने संगठन को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वक्ताओं ने कहा कि स्व. वोरा का पूरा जीवन सादगी, ईमानदारी और जनसेवा को समर्पित रहा। उनका व्यवहार सभी वर्गों के लिए प्रेरणादायी था। कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। महासमुंद के जिला जेल का लोकार्पण और महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय का भूमिपूजन स्व. वोरा के मुख्यमंत्री काल में किया गया।




इस अवसर पर आलोक चंद्राकर उपाध्यक्ष जीव जंतु कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ एवं संयुक्त महामंत्री प्रदेश कांग्रेस, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष एवं पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, दाऊलाल चंद्राकर सदस्य बीज अनुसंधान केंद्र छत्तीसगढ़ शासन, सेवनलाल चंद्राकर, हीरा बंजारे पूर्व मंडी अध्यक्ष, प्रदीप चंद्राकर महामंत्री, गौरव चंद्राकर महामंत्री, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, अमन चंद्राकर जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, हर्षित चंद्राकर महामंत्री, नीतेंद्र बैनर्जी सेवादल जिलाध्यक्ष, तुलसी साहू, भरत सिंह ठाकुर, सुनील चंद्राकर, तबरेज खान, शत्रुघन साहू, मनोहर ठाकुर, अनुराग चंद्राकर, गोपीचंद तारक, बसंत चंद्राकर, लोकेश मांझी, सिद्धांत साहू, सुरेंद्र सिंग ठाकुर, सागर डोंगरे, प्रकाश ढीढी, भानु सोनी, पुरुषोत्तम दास कोसले एवं अन्य पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने उनके बताए मार्ग पर चलने एवं कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन स्व. मोतीलाल वोरा के विचारों को आत्मसात करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

### पंचराम चंद्राकर का निधन

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा निवासी पंचराम



चंद्राकर का निधन हो गया। वे 67 वर्ष थे। वे नंद कुमार, पवन चंद्राकर, प्रकाश चंद्राकर के बड़े भाई एवं दिलीप एवं मयंक चंद्राकर के पिता थे। अंतिम संस्कार खरोरा मुक्तिधाम 21 दिसंबर को किया जाएगा।







